# नए मतदाता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा का समर्थन करें : अर्जुनराम मेघवाल

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में मंगलवार को यहां नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में युवाओं के रोजगार व महंगाई आदि मुद्दों पर वक्ताओं ने बोलने से परहेज करते हुए नव मतदाताओं से आग्रह किया कि वे मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा का समर्थन करें।

भाजपा नेता भूपेन्द्र शर्मा की अगुवाई में नव मतदाता सम्मेलन भोमिया भवन, रानीबाजार में आयोजित किया गया। भाजपा की विज्ञप्ति के अनुसार नव मतदाता सम्मेलन में पहुंचे 18 से 23 वर्ष की आयु के नव मतदाताओं ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल एवं आगामी मोदी की गारंटियों पर विश्वास जताते हुए भाजपा प्रत्याशी को वोट देने का आग्रह किया।

नव मतदाता सम्मेलन में पहुंचे युवा नव मतदाताओं में बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक एवं रूस-यूक्रेन युद्ध में मोदी सरकार की कार्यशैली का खासा प्रभाव नजर आया। युवाओं ने मोदी सरकार से प्रभावित होने का कारण बताया अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में भाजपा की बढ़ती साख, आर्थिक जगत में भाजपा का बढ़ता प्रभाव एवं संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थाई सदस्यता हेतु सदस्य राष्ट्रों के समर्थन की कूटनीतिक सफलता बताया।



नव मतदाता सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल का माला पहनाकर स्वागत किया।

भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने युवाओं हेतु मोदी सरकार की कौशल विकास योजनाओं एवं एंटरप्रन्योर हेतु कॉलेट्रल-फ्री ऋण सुविधा की जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत में सहयोग का आव्हान किया। मेघवाल ने कहा 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है, जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में युवाओं को वोट भारत की दिशा तय करेगा। मैं सभी युवा मतदाताओं को नमन करता हूं। आज जब देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो युवा मतदाता ही तय करेंगे भारत की दिशा क्या होगी। हमने हमेशा देश के युवाओं पर सबसे अधिक विश्वास किया है।

नव मतदाता सम्मेलन में भाजपा नेता भूपेंद्र शर्मा, तोलाराम कूंकणा, पंकज गहलोत, कुणाल कोचर, निषांत गौड़, महेंद्र ढाका, मुकेश रावत, गौरव चौधरी, मधुसूदन शर्मा, तनुज सारस्वत, निर्मल गहलोत, पंकज अग्रवाल, मनीष पंवार, दुष्यंत पुनिया, सुरेश रावत, प्रबल सैन, सांगी लाल गहलोत ने नव मतदाताओं का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए राष्ट्र निर्माण एवं लोकतंत्र में मतदान रूपी पर्व शत-प्रतिशत मतदान कर भागीदारी बढ़ाने का आव्हान किया।

■ नव मतदाता सम्मेलन में युवाओं को रोजगार व महंगाई आदि मुद्दों पर वक्ताओं ने बोलने से परहेज किया

कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, भाजपा नेता गोपाल गहलोत, शशिकांत शर्मा ने नव मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व एवं भाजपा के पक्ष में मतदान के लाभ से अवगत कराया।

नव मतदाता सम्मेलन में बीकानेर के हनुमान सिंह चावड़ा, पंकज गहलोत, कुणाल कोचर, कर्नल हेम सिंह, दुर्गशंकर व्यास, निशांत गौड़, महेंद्र ढाका, मुकेश रावत, गौरव चौधरी, सुशील शर्मा, ताहिर खान, मधुसूदन शर्मा, मनोज विश्नोई, मांगीलाल विश्नोई, पंकज अग्रवाल, मनीष पंवार, भगवती गौड़, तनुज सारस्वत, दुष्यंत तंवर, मन्नत अरोड़ा, गिरिराज जोशी, निर्मल गहलोत आदि मौजूद थे।

## कैंसर अवेयरनेस वीक आज से

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज एवं संबंद्ध उत्तर भारत का प्रसिद्ध आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर उपचार एवं अनुसंधान संस्थान पीबीएम अस्पताल में 17 एवं 18 अप्रेल को कैंसर सर्जरी विभाग द्वारा ओरल हैड एंड नेक कैंसर अवेयरनेस वीक का आयोजन किया जायेगा।

कैंसर सर्जरी विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप गुप्ता ने बताया कि यह अवेयरनेस वीक प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी, निदेशक आचार्य तुलसी कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केन्द्र तथा रेडियोथेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीति शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जायेगा। इसके तहत कैंसर सर्जरी विभाग की टीम द्वारा ओपीडी समय में कैंसर अस्पताल में मरीजों को ओरल हैड एंड नेक कैंसर के प्रति जागरूक कर उनकी स्क्रीनिंग की जायेगी।

कैंसर सर्जरी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राजेन्द्र बोथरा ने बताया कि अप्रैल माह ओरल कैंसर अवेयरनेस मंथ के रूप मे मानाया जाता है। इसके तहत ऐसे मरीज जिन्हें मुंह के अंदर सफेद या लाल धब्बा, आवाज में अचानक बदलाव, दांतों का अचानक गिरना, खाने या निगलने में दिक्कत, मुंह, गर्दन, गले के पिछले हिस्से में दर्द जो कान तक जाता हो, गले व जबडे की सूजन, मुंह मे असामान्य रक्तस्त्राव सांस लेने या बोलने में परेशानी इत्यादि लक्षण हो वें आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल में जांच करवा सकते है।

## सार-समाचार

### मतदान की शपथ दिलाई



मतदान जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं ने मतदाान की शपथ ली।

**बीकानेर,** (कासं)। पवनपुरी साउथ स्थित ब्लू मून चैरिटेबल विद्यालय में 19 अप्रैल को जिले में होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों व अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। शाला प्रधानाचार्य डॉ.अर्पिता गुप्ता ने कहा कि सभी अपने मत के अधिकार को समझें व मतदान को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए अपने मत का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। सेवानिवृत अनुपम बाला मल्होत्रा ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई। राजकीय कन्या महाविद्यालय, मुरलीधर व्यास नगर द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। छात्राओं ने रंगीन और आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने मतदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के छात्राएं यह संकल्प लें कि वे और उनके परिवार के सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। स्वीप सह प्रभारी हरिशंकर आचार्य ने जागरूकता की गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता में महिलाओं तथा बालिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने गत चुनावों के वोटर टर्न आउट के बारे में बताया। जिला परिषद के आईईसी कोऑर्डिनेटर गोपाल जोशी ने निर्वाचन विभाग के दिशा निर्देशों और मतदाताओं के लिए विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. पुरोहित ने कन्या महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए अब तक किए गए प्रयासों के बारे में बताया। इस अवसर पर स्वीप के सुधीर कुमार मिश्रा, कॉलेज की छात्राएं तथा स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### निर्वाचन व्यय लेखों का निरीक्षण

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गंगानगर संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखों का तृतीय निरीक्षण मंगलवार को जिला परिषद सभागार में हुआ। व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस विवेक आनन्द परपूरना एवं व्यय पर्यवेक्षक तेज कुमार एम. एस. की मौजूदगी में गंगानगर संसदीय क्षेत्र के समस्त 9 अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखों का तृतीय निरीक्षण किया गया। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह ने बताया कि अभ्यथिर्यों द्वारा अब तक हुए चुनाव खर्च की जानकारी दी गई। इसके अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री कुलदीप इंदौरा द्वारा 4476947 रूपये, बहुजन समाज पार्टी के देवकरण नायक द्वारा 283197, भारतीय जनता पार्टी की प्रियंका बैलान द्वारा 4949842, इंडियन पीपल्स ग्रीन पार्टी की श्रीमती कुलवंत कौर द्वारा 114760, जय हिन्द कांग्रेस पार्टी के मेजर सिंह द्वारा 310700, भारतीय जन सम्मान पार्टी के राजेन्द्र कुमार द्वारा 51820, निर्दलीय उम्मीदवार कानाराम द्वारा 22949, निर्दलीय उम्मीदवार दयाराम द्वारा 94803 और निर्दलीय उम्मीदवार राजकुमार द्वारा 46229 रूपये खर्च करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृष्ण कुमार शर्मा, प्रेम प्रकाश गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

### शत-मतदान के लिए घर-घर संपर्क

**नोखा,** (कासं)। पांचू ब्लॉक के पारवा ग्राम पंचायत में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारवा में बीएड के प्रशिक्षु छात्र-अध्यापक पिछले कई दिनों से घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दे रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका ने बताया कि बीएड में इंटर्नशिप कर रहे संभागी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में आम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए वार्डवार घर-घर संपर्क कर रहे हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह टोली संपर्क के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से आम मतदाताओं की सुविधा के लिए शुरू किए गए वोटर हेल्प एप, सी-विजिल एप, सक्षमा आदि के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान की तारीख और शुरू होने के समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान चलने की जानकारी भी दी गई। मंगलवार को शिक्षक छात्र-अध्यापक भरत मारू के नेतृत्व में सुखदेव जनागल, उमेश बिश्नोई, धनराज जनागल, यशपाल मेघवाल, मुकेश मेघवाल द्वारा वार्ड संख्या 5, 6, 7 व 9 में घर-घर संपर्क कर शत- प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

### हवाला के आठ लाख रूपए जब्त

**बीकानेर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस का चैकिंग अभियान जारी है। इसी क्रम में बीकानेर पुलिस ने आज कार्यवाही करते हुए बाइक सवार एक युवक को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से आठ लाख रूपए नकद जब्त किए हैं। उसके मोबाइल से लेनदेन के कई हिसाब भी मिले हैं। इसमें हवाला कारोबार के लेनदेन का ब्यौरा मिला है। पुलिस के अनुसार चैकिंग के दौरान देशनोक के चौपानिया का बास निवासी 20 वर्षीय धीरज उपाध्याय के पास एक बैग में आठ लाख रूपए मिले। पैसों के बारे में पूछताछ करने पर वह संतोषजक जवाब नहीं दे पाया। पूछताछ के दौरान उससे एक मोबाइल भी मिला। मोबाइल में डिटेल जांच करने पर हवाला कारोबार होने के साक्ष्य मिले हैं। युवक के कब्जे से बाइक भी बरामद कर ली गई है।

## 'मतदान से पहले 72 घंटों की एसओपी की पालना जरूरी'

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गंगानगर संसदीय क्षेत्र के लिये लगाये गये सामान्य पर्यवेक्षक मनोज कुमार ने कहा कि गंगानगर में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में मतदान होगा, इसको लेकर आयोग द्वारा 72 घंटों की एसओपी की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाये। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाये।

सामान्य पर्यवेक्षक मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर के वीसी रूम से गंगानगर संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं के एआरओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस अधिकारियों को वीसी के माध्यम से आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान दलों की रवानगी, समय पर मॉक पोल, वास्तविक मतदान प्रारम्भ किया जाये तथा निर्धारित प्रपत्रों में सूचना प्रेषित की जाये। ईवीएम परिवहन के दौरान निर्धारित रूट का ही उपयोग करे तथा ईवीएम को पूरी सुरक्षा के साथ मतदान केन्द्र तक ले जाये। क्यूआरटी फोर्स, इंजीनियर्स और रिजर्व टीम की आवश्यक तैयारियां रखें। ऐसी व्यवस्था हो ताकि कम समय में प्रभावी रिस्पॉंस हो सकें। बॉर्डर पर समुचित निगरानी रखते हुए फोर्स डिप्लायमेंट बेहतर तरीके से की जाये ताकि भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव सम्पादित करवाये जा सकें।

■ सामान्य पर्यवेक्षक ने गंगानगर संसदीय क्षेत्र की विधानसभाओं के एआरओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस अधिकारियों को वीसी के माध्यम से निर्देश दिए

जिला कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी लोकबंधु ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर व पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में जाकर अपने सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लें तथा मतदान केन्द्र पर सभी मूलभूत सुविधाओं को देख लेवें। उन्होंने कहा कि ईवीएम परिवहन के दौरान एसओपी की 100 प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाये। आवंटित वाहन में ही ईवीएम का परिवहन करे। अगर वाहन खराब होने की स्थिति में किसी प्राईवेट वाहन से ईवीएम का परिवहन नहीं करेंगे। मतदान दल को दूसरा सरकारी वाहन उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर पहुंचकर तैयारी सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय पर मॉक पोल व वास्तविक मतदान प्रारम्भ करेंगे तथा इसकी सूचना देंगे। उन्होंने कहा कि वोटिंग कम्पार्टमेंट में वेब कैमरा इस प्रकार स्थापित किया जाये कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। उन्होंने एएमपी संबंधी, एएसडी लिस्ट, कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों, मतदाता मार्गदर्शिका व पर्ची, मतदान केन्द्र पर 100 मीटर, 200 मीटर के साईनेज, मतदान केन्द्रों में शिलान्यास, उद्घाटन पट्टिकाओं को ढ़कने के निर्देश दिए।

## संत महर्षि चांद साहेब की जयंती 21 को

**बीकानेर,** (कासं)। दलित वर्ग के महान् संत महर्षि चांद साहेब की 152 वीं जयंती 21 अप्रेल की तैयारियां चल रही हैं।

यह जानकारी अ.भा. श्रीचांद सत्संग समाज मंडल के राष्ट्रीय महासचिव पं. मुकेश राजस्थानी ने यहां दी। राजस्थानी ने बताया कि जयंती महोत्सव वाल्मीकि बस्ती छोटी गुवाड़ स्थित कबीर चौराह मठ पर गादीपति संत शीतल महाराज के सानिध्य में सत्संग समारोह रात्रि नौ बजे से प्रातः महाआरती दर्शन तक संपन्न होगी।

जयंती समारोह के संयोजक पं हरिप्रकाश वाल्मीकि व सचिव पं0 हरिभजन दास कबीर पंथी ने संयुक्त रूप से बताया कि जंयती समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात औषधि विशेषज्ञ डा. मुकेश वाल्मीकि होंगे।

विशिष्ठ अतिथि शिक्षाविद डॉ. नमानी शंकर आचार्य समेत तारानगर चूरू, कबीर मठ के मंहत सुखदेव दास महाराज, मंहत मोडाराम कबीर पंथी, मंहत प्रेमदास-नवरतन दास कबीर पंथी होंगे। जयंती समारोह की अध्यक्षता मगनी साहेब धराने के मंहत श्रवणदास महाराज करेंगे।

## शातिर वाहन चोर को दबोचा, बाइक बरामद

**बीकानेर,** (कासं)। पुलिस थाना कोटगेट ने अहम कार्यवाही करते हुए एक शातिर दुपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की है।

घटनाक्रम के अनुसार जुगल किशोर भाटी पुत्र मदनलाल भाटी निवासी रानीसर बास ने रिपोर्ट दी की 31 मार्च को मेरी मोटरसाईकिल कोई अज्ञात आदमी चोरी करके ले गया। एसपी तेजस्विनी गौतम, एएसपी सिटी दीपक शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी श्रवणदास संत आरपीएस के सुपरवीजन में थाना क्षेत्र में हो रही दुपहिया वाहन चोरियों को रोकने के थानाधिकारी मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी की सहायता से उपरोक्त प्रकरण में वांछित मोटरसाईकिल चोर की तस्दीक कर संदिग्ध राजू पुत्र बजरंग गवारिया उम्र 25 साल निवासी गवारियों का मोहल्ला घडसीसर को दस्तयाब कर पूछताछ की तो उपरोक्त मोटरसाईकिल को चोरी करना स्वीकार किया।

जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और चोरीशुदा वाहन भी बरामद कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ में अन्य वारदातें भी खुलने की संभावना है। कार्यवाही करने वाली टीम में मनोज कुमार शर्मा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी कोटगेट बीकानेर, प्रवीण हैडकानि 138 कोटगेट बीकानेर, अमृतलाल कानि 879 कोटगेट बीकानेर, अनिल कानि 1375 कोटगेट बीकानेर, सुभाष कानि 1205 कोटगेट शामिल थे।

**लाठी-सरियों से हमला :** गंगाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लक्ष्मण नायक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने लाठी व सरियों से हमला बोल दिया। हमले में उसको चोटें आई है। इस आशय की रिपोर्ट कादरी कॉलोनी, नायकों का मोहल्ला गंगाशहर निवासी बीरबल नायक ने थाने में दी है।

रिपोर्ट में बताया कि उसका बड़ा भाई लक्ष्मण नायक जा रहा था। आरोप है कि कादरी कॉलोनी स्थित शराब ठेके के सामने बैठें आठ-दस अज्ञात बदमाशों ने उस पर लाठी व सरियों से हमला कर दिया। जिससे उनको चोटें आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चुनाव से पहले होटल-धर्मशाला की तलाशी

**बीकानेर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव में बाहरी लोगों को लेकर चुनाव आयोग की गाइडलाइन ने होटलों व धर्मशालाओं के कमरे खाली कर दिए हैं। मतदान से 72 घंटे पहले तक बाहरी व्यक्तियों के बेवजह जिले में आने पर निगाह रखी जा रही है।

पुलिस की 44 टीमें होटल-धर्मशालाओं की तलाशी ले रही हैं। एएसपी सिटी दीपक शर्मा एवं सीओ सदर रमेश के नेतृत्व में रविवार देर रात को जिलेभर के 29 थाना इलाकों में संचालित 260 होटल-ढाबों व धर्मशालाओं को खंगाला गया। पुलिस टीमों ने 164 होटल, 33 ढाबे एवं छह धर्मशालाओं में दबिश दी। पुलिस की ओर से विशेष चैकिंग अभियान तीन घंटे चला। इन चार घंटों में पुलिस ने जिलेभर में करीब 260 ढाबों, होटलों व रेस्टोरेंट को चैक किया। चैकिंग अभियान में 178 पुलिस जवान, 120 सीएपीएफ जवान एवं आरएसी के जवान शामिल थे। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते राजमार्गों पर स्थित होटल ढाबों व रेस्टोरेंट में बाहरी लोगों के आकर ठहरने और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए औचक चेकिंग की गई। इस दौरान आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए।

## कुलदीप इंदौरा दी रामनवमी की बधाई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। चैत्र शुक्ल पक्ष की रामनवमी पर श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ सीट से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप इंदौरा ने सभी इलाका निवासियों को बधाई दी।

कुलदीप इंदौरा ने बताया कि चैत्र शुकल पक्ष की नवमी को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है जिसको लेकर सभी में उत्साह है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम सभी के हैं, सभी के दिल में बसते हैं। 17 अप्रैल को श्री रामनवमी के उपलक्ष में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में कुलदीप इंदौरा सहित अन्य कांग्रेस जन शामिल होंगे।

## बिना अनुमति अवकाश पर मिले तो होगी सख्त कार्रवाई

**बीकानेर,** (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों के साथ बैठक कर चुनाव की समस्त तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के तहत फर्स्ट टाइम वोटर्स, महिलाओं और युवाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए और ऐसे क्षेत्रों में जहां मतदान प्रतिशत पिछले चुनाव में कम रहा वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए माइक्रो मैनेजमेंट प्लान बनाकर कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी वृष्णि ने कहा कि बिना अनुमति कोई भी कार्मिक अवकाश पर नहीं रहें, यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में बूथों पर पोलिंग पार्टी के लिए समस्त सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने रिजर्व वाहन चिन्हित स्थानों पर खड़े करवाने, बूथ की साफ सफाई, बैठने, छाया, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए।

■ चुनाव की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र में वेबकास्टिंग के लिए चिन्हित किए गए बूथ का भी भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) उम्मेद सिंह रतनू सहित अन्य संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारी उपस्थित थे।

## एनआरसीसी का ऊंटनी के दूध व दुग्ध उत्पादों को लेकर बहुला फूड्स के साथ एमओयू

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) एवं बहुला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के मध्य मंगलवार को एक एमओयू किया गया। ऊंटनी के दूध व दुग्ध उत्पादों से संबद्ध इस एमओयू पर एनआरसीसी की ओर से निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू तथा बहुला फूड्स प्रा. लि. की आकृति श्रीवास्तव, सीईओ ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर केन्द्र के डॉ. राकेश रंजन व डॉ. वेदप्रकाश तथा बहुला फूड्स के संजय विश्वा मौजद थे।

इस नए एमओयू को लेकर उत्साहित होते हुए केन्द्र निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने कहा कि इसके माध्यम से औषधीय गुणधर्मों से युक्त ऊंटनी के दूध व इससे निर्मित उत्पादों की लोकप्रियता में और अधिक वृद्धि हो सकेगी तथा उपभोक्ताओं तक इन्हें सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा सकेगा। डॉ. साहू ने हाल ही में जयपुर में एनआरसीसी के सहयोग से राजस्थान सहकारी डेयरी फैडरेशन एवं बहुला नैचुरल द्वारा लांच किए गए केमल मिल्क तथा बीकानेर में शुरू हुई। इसकी मार्केटिंग का जिक्र करते हुए उष्ट्र दुग्ध व्यवसाय की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया तथा कहा कि पिछले लगभग डेढ-दो दशक से एनआरसीसी द्वारा सतत रूप से ऊंटनी को 'एक दुधारू पशु' के रूप में स्थापित करने का प्रयास, विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा है। वर्तमान में केन्द्र के मिल्क पॉर्लर पर मानव स्वास्थ्य हेतु लाभकारी ऊंटनी का दूध व केन्द्र-वैज्ञानिकों द्वारा इसके दूध से विकसित 25 से अधिक स्वादिष्ट उत्पादों की बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस नए एमओयू से प्रदेश के ऊंट पालकों के समाजार्थिक स्तर में महत्वपूर्ण सुधार देखा जा सकेगा। इस अवसर पर बहुला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की आकृति श्रीवास्तव ने कहा कि उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण एवं विकास हेतु इसके दूध में विद्यमान व्यावसायिक संभावनाएं को देखते हुए एनआरसीसी के साथ यह एमओयू किया गया है।




एनआरसीसी निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू तथा बहुला फूड्स प्रा. लि. की सीईओ आकृति श्रीवास्तव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

■ बहुला नैचुरल द्वारा लांच किए गए केमल मिल्क की बीकानेर में शुरूआत हुई

उन्होंने जानकारी दी कि बहुला, राजस्थान में ऊंटनी के दूध की खरीद, प्रसंस्करण और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए कई वर्षों से प्रयासरत है तथा नए एमओयू के तहत इस दिशा में एनआरसीसी का सहयोग मिलने से उपभोक्ताओं में ऊँटनी के दूध व दुग्ध उत्पादों की मांग व विश्वसनीयता बढ़ेगी।

## मतदान के 72 घंटे पूर्व अधिक चौकसी की आवश्यकता : तेजकुमार

**गंगानगर,** (कासं)। व्यय पर्यवेक्षक तेज कुमार एम. एस. ने कहा कि मतदान के 72 घंटे पूर्व और अधिक चौकसी की आवश्यकता रहती है। संवेदनशील क्षेत्रों में एआरओ विशेष निगरानी रखते हुए शिकायत मिलने पर तुरन्त कार्यवाही करें।

सभी वाहनों की चैकिंग समुचित की जाये तथा चुनाव के दौरान उपयोग में आने वाली सामग्री, लिकर इत्यादि के परिवहन को लेकर ध्यान रखा जाये तथा सीजर की प्रभावी कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने मतदान केन्द्रों का दौरा कर ले तथा सेक्टर ऑफिसर के साथ समन्वय रखते हुए क्षेत्र का भ्रमण करें। मतदान के दिन व्यवस्था इस प्रकार की जाये की सुरक्षा में लगे अधिकारी प्रत्येक 10 मिनट में कोई न कोई सुरक्षा बल पहुंचता रहें।

सभी अधिकारी अपना व्हाट्सएप ग्रुप बना लेवें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में तीन पुलिस सुपरवाईजरी अधिकारी व स्थानीय थानाधिकारी रहेंगे। 32 लोगों का रिजर्व जाब्ता तथा जिले में 75 सुरक्षा बलों का रिजर्व जाब्ता, प्रत्येक विधानसभा में 4 क्यूआरटी की टीम रहेगी, जो लगातार क्षेत्र में मूवमेंट करेगी।




गंगानगर कलेक्ट्रेट सभागार में चैकिंग प्रणाली को दुरूस्त करने को लेकर व्यय पर्यवेक्षक तेज कुमार ने बैठक ली।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में चारदीवारी होनी चाहिए। अगर किसी मतदान केन्द्र में चारदीवारी नहीं है, तो बेरीकेटिंग कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। व्यय पर्यवेक्षक आनन्द विवेक परपूरना ने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पूर्व अन्य जिलों की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जायें। तथा वाहनों की निरन्तर चैकिंग की जाये। एफएसटी और एसएसटी लगातार निगरानी रखे और अधिक से अधिक सीजर कार्यवाही की जाये।